# कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी
## रायपुर (छ.ग.)

website-www.deoraipur.com, Email-deoraipurict@gmail.com, rmsaraipur@gmail.com
**Phone No. - 0771-4002693**

पत्र.कं / डीएमएफ / नियुक्ति / 2025 / 396 रायपुर,दिनांक 01-09-2025

**प्रति,**

**स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम**

**उत्कृष्ट विद्यालय जिला–रायपुर (छ.ग)**

**विषय :–** स्वामी आत्मानंद शास. हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालयों में अतिरिक्त शिक्षको / कर्मचारियों की मानदेय पर नियुक्ति के संबंध में ।

**सदर्भ:–** रायपुर जिला खनिज संस्थान न्यास जिला पंचायत रायपुर द्वितीय तल के आदेश क्रमांक 250135826851 दिनांक 12.08.2025.

——00——

संदर्भित एवं विषयान्तर्गत लेख है, कि रायपुर जिले के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों हेतु जिला खनिज संस्थान न्यास जिला पंचायत रायपुर द्वितीय तल के आदेश क्रमांक 250135826851 दिनांक 12.08.2025 के द्वारा छ.ग. जिला खनिज संस्थान न्यास नियम 2015 के नियम 12 के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए रायपुर जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक दिनांक 11.07.2025 के निम्नलिखित उल्लेखित अनुमोदित कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें से जिले में 36 स्वामी आत्मानंद शास.अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय संचालित हो रही है । शिक्षा सत्र 2025–26 हेतु शासकीय विद्यालयों में वर्तमान में 2008 के अनुसार सेटअप स्वीकृत है। सेटअप स्वीकृत हुए लगभग 17–18 वर्ष हो चुके है वर्तमान में वही सेटअप के अनुसार कर्मचारी कार्यरत है। वर्तमान शिक्षा सत्र 2025–26 में सेजेंस विद्यालयों में छात्र / छात्राओं की दर्ज संख्या में वृद्धि हो जाने के कारण अध्यापन कार्य हेतु शिक्षक संवर्ग की कमी हो गई है। गुणवता पूर्ण शिक्षण किया जा सके जिसके लिए संबंधित विद्यालय के प्राचार्य द्वारा व्याख्याता / शिक्षक एवं सहायक शिक्षक दिनांक 30.04.2026 तक कार्य पर रखा जाना है। इस तिथि पश्चात संबंधित शिक्षा सवंर्ग के सेवाएं स्वतः समाप्त हो जावेगी एवं भृत्य एवं स्वीपर के पदों की सेवा काल 12 माह की होगी। विद्यालयवार विषयवार पदवार मासिक मानदेय एवं योग्यता के विवरण हेतु अभ्यर्थी दिनांक 08.09.2025 सायं 04:00 बजे तक संबंधित विद्यालय में आवेदन पत्र जमा कर सकते है। संस्थावार पद का विवरण, निर्धारित अर्हताएं, नियम व शर्तें निम्नानुसार है :–

**विद्यालय का विवरण :– स्वामी आत्मानंद शास.अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय**

| क | वि.ख. | विद्यालय का नाम | विषय | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | धरसींवा | मायाराम सूरजन शास. क.हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय चौबे कालोनी | व्याख्याता–भौतिक,राजनीति संस्कृत | 3 |
| | | | शिक्षक–हिन्दी, अंग्रेजी, सामाज शास्त्र, गणित, भूगोल | 5 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2 | धरसींवा | पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय कुंरा | व्याख्याता–हिन्दी,अंग्रेजी,समाज शास्त्र, राजनीति विज्ञान, संस्कृत, भूगोल | 7 |
| | | | शिक्षक–गणित | 1 |
| 3 | अभनपुर | पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय अभनपुर | व्याख्याता–हिन्दी,संस्कृत,राजनीति विज्ञान,गणित | 4 |
| 4 | धरसींवा | पी.जी.उमाठे शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय शांति नगर, रायपुर | व्याख्याता–हिन्दी, अंग्रेजी,गणित, उर्दु | 4 |
| | | | शिक्षक–संस्कृत, सामाजिक विज्ञान | |
| 6 | धरसींवा | स्वामी आत्मानंद शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय लालपुर | व्याख्याता–हिन्दी,अंग्रेजी, अर्थशास्त्र | 3 |
| 7 | अभनपुर | हरिहर शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्या. गोबरा नवापारा अभनपुर | व्याख्याता–वाणिज्य, हिन्दी,समाज शास्त्र,गणित | 4 |
| 8 | धरसींवा | बिन्नी बाई सोनकर शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय भाठागांव रायपुर | व्याख्याता–हिन्दी,अंग्रेजी, संस्कृत, अथशास्त्र, समाज शास्त्र,गणित | 6 |
| 9 | धरसींवा | स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्या.तिलक नगर, गुढियारी | व्याख्याता–हिन्दी,अंग्रेजी,गणित,इतिहास | 4 |
| 10 | धरसींवा | माधवराव सप्रे शासकीय अंग्रेजी माध्यमउत्कृष्ट विद्यालय बुढ़ापारा रायपुर | व्याख्याता–वाणिज्य, राजनीति विज्ञान, भौतिक | 3 |
| | | | सहायक शिक्षक | 3 |
| 11 | धरसींवा | स्वामी आत्मानंद शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय त्रिमूर्तिनगर | व्याख्याता–अंग्रेजी | 1 |
| | | | सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला | 1 |
| 12 | धरसींवा | शशिबाला शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर | व्याख्याता–अंग्रेजी, अर्थशास्त्र | 2 |
| 13 | धरसींवा | स्वामी आत्मानंद शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय माना कैम्प | व्याख्याता–गणित,भूगोल,जीव विज्ञान, संस्कृत, अंग्रेजी, वाणिज्य, | 6 |
| 14 | तिल्दा | पीएम श्री प्रियदर्शिनी शास.उत्कृष्ट अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम विद्यालय नेवरा | व्याख्याता–रसायन,सामाजिक विज्ञान, हिन्दी, वाणिज्य, भौतिक, अंग्रेजी | 6 |
| 15 | आरंग | अरूंद्धती देवी शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय आरंग | व्याख्याता–अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, वणिज्य | 4 |
| 16 | धरसींवा | पं.राम सहाय मिश्रा शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय मोहबा बाजार | व्याख्याता–अंग्रेजी,गणित,विज्ञान,संस्कृत | 4 |
| 17 | धरसींवा | स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय सरोना, | व्याख्याता–भूगोल,अर्थशास्त्र | 2 |
| 18 | आरंग | मातृसदन शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय मंदिर हसौद, | व्याख्याता–हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, | 3 |
| 19 | तिल्दा | भरत देवांगन शास.अंगेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय खरोरा तिल्दा | व्याख्याता–गणित,अंग्रेजी हिन्दी ,भूगोल, अर्थशास्त्र, व्यवसायिक | 6 |
| 20 | धरसींवा | कांशीराम शर्मा शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय भनपुरी | व्याख्याता–भौतिक,अर्थाशास्त्र,इतिहास , भूगोल, संस्कृत | 5 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21 | धरसींवा | आडवानी आर्लिकन शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय ,बीरगांव, | व्याख्याता–हिन्दी, अंग्रेजी | 2 |
| | | | शिक्षक–सामाजिक विज्ञान,इतिहास, संस्कृत / | 3 |
| 22 | धरसींवा | स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय मोवा, | व्याख्याता–अर्थशास्त्र,हिन्दी, संस्कृत | 3 |
| 23 | धरसींवा | निवेदिता शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय गुरूनानक चौक रायपुर | व्याख्याता–हिन्दी | 1 |
| | | | सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला, सहायक शिक्षक | 2 |
| 24 | आरंग | स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय समोदा, | व्याख्याता–संस्कृत,भौतिक, वाणिज्य | 3 |
| | | | शिक्षक–सामाजिक विज्ञान,गणित | 2 |
| 25 | धरसींवा | प्रोफेसर जे.एन.पाण्डेय शासकीय हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय नलघर चौक | व्याख्याता–हिन्दी,राजनीति,अंग्रेजी, जीवविज्ञान, | 4 |
| 26 | धरसींवा | जे.आर.दानी शासकीय कन्या हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय कालीबाडी,चौक | व्याख्याता–संस्कृत,अंगेजी, अर्थशास्त्र, गणित,रसायन,जीवविज्ञान | 6 |
| 27 | अभनपुर | स्वामी आत्मानंद शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, खोरपा | व्याख्याता–राजनीति, अर्थशास्त्र, | 2 |
| | | | सहायक शिक्षक विज्ञान | 4 |
| 28 | तिल्दा | स्वामी आत्मानंद शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, रायखेड़ा | व्याख्याता–संस्कृत,विणज्य,हिन्दी, अंगेजी | 4 |
| 29 | तिल्दा | स्वामी आत्मानंद शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, गनियारी | व्याख्याता– हिन्दी,संस्कृत,अंगेजी,गणित,इतिहास | 5 |
| 30 | आरंग | अनंत राम बर्छिहा शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय चंदखुरी | व्याख्याता–हिन्दी,रसायन,राजनीति, इतिहास, | 4 |
| 31 | धरसींवा | पं. गिरिजा शंकर मिश्र शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायपुरा | व्याख्याता–वाणिज्य,संस्कृत,अंग्रेजी,गणित | 4 |
| 32 | धरसींवा | स्वामी आत्मानंद शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बरबंदा | व्याख्याता–सामाजिक विज्ञान | 1 |
| 33 | धरसींवा | स्वामी आत्मानंद शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय गोगांव | व्याख्याता–अंग्रेजी,संस्कृत,गणित,वणिज्य, समाज शास्त्र | 5 |
| 34 | आरंग | मातृसदन स्वामी आत्मानंद शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय हसौद,रायपुर | भृत्य / स्वीपर | 3 |
| 35 | धरसींवा | स्वामी आत्मानंद शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय सरोना,रायपुर | भृत्य | 1 |
| 36 | धरसींवा | रामसहाय मिश्रा स्वामी आत्मानंद शास. अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय महोबा बाजार | भृत्य / स्वीपर | 2 |
| 37 | धरसींवा | स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम वि.मोवा, | भृत्य | 1 |
| 38 | धरसींवा | स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय सारागांव,रायपुर | भृत्य / स्वीपर | 3 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 39 | | अडवानी आर्लिकॉन शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बिरगॉव,रायपुर | स्वीपर | 2 |
| 40 | | बिन्नी बाई सोनकर शासकीय उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भाठागांव | भृत्य / स्वीपर | 3 |
| 41 | अभनपुर | स्वामी आत्मानंद शासकीय हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय,अभनपुर,रायपुर | भृत्य / स्वीपर | 3 |
| 42 | धरसींवा | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी शासकीय विद्यालय,लालपुर,रायपुर | भृत्य / स्वीपर | 2 |
| 43 | धरसींवा | स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय,तिलक नगर गुढियारी, | भृत्य / स्वीपर | 2 |
| 44 | धरसींवा | स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय, कूँरा | भृत्य / स्वीपर | 3 |
| 45 | धरसींवा | जे.आर.दानी शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक उत्कृष्ट हिन्दी,विद्यालय ,रायपुर | स्वीपर | 3 |
| 46 | धरसींवा | माधव राम सप्रे नगर निगम.हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट उ.मा.वि.रायपुर | भृत्य / स्वीपर | 4 |
| 47 | धरसींवा | निवेदिता शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय गुरूनानक चौक रायपुर | भृत्य / स्वीपर | 4 |
| 48 | धरसींवा | प्रो.जे.एन.बहु.पाण्डेय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शा.बहु.उ.मा विद्यालय ,रायपुर | भृत्य | 2 |
| 49 | धरसींवा | पी.जी.उमाठे स्वामी आत्मानंद कन्या शास. उत्कृष्ट विद्यालय शंतिनगर, रायपुर | भृत्य / स्वीपर | 3 |
| 50 | अभनपुर | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय,खोरपा,रायपुर | भृत्य / स्वीपर | 3 |
| 51 | तिल्दा | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय,गनियारी, रायपुर | भृत्य / स्वीपर | 3 |
| 52 | तिल्दा | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय,रायखेड़ा ,रायपुर | भृत्य | 2 |
| 53 | धरसींवा | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय,बरबंदा,रायपुर | भृत्य / स्वीपर | 3 |
| 54 | तिल्दा | भारत देवांगन उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा रायपुर | भृत्य / स्वीपर | 3 |
| 55 | धरसींवा | पं.गिरिजा शंकर मिश्र उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रायपुरा | भृत्य / स्वीपर | 3 |
| 56 | धरसींवा | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय कांशीराम नगर भनपुरी,रायपुर | भृत्य / स्वीपर | 3 |
| 57 | अभनपुर | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय,अभनपुर,रायपुर | भृत्य | 2 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 58 | आरंग | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय चंदखुरी रायपुर | भृत्य/स्वीपर | 3 |
| 59 | आरंग | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय समोदा | भृत्य | 2 |
| | | कुल योगः– | – | 210 |

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**2. निर्धारित अर्हताए :–**

| क्रं. | विवरण | विषय | प्रतिमाह मानदेय | न्युनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | व्याख्याता पद के अनुरूप अर्हताए | हिन्दी/ संस्कृत/ अंग्रेजी | 20000/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि एवं बी.एड. |
| 2 | | गणित | 20000/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (गणित/एप्लाइड गणित) में से किसी एक विषय में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि एवं बी.एड.अनिवार्य। |
| 3 | | समाजिक विज्ञान | 20000/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (इतिहास/राजनीति शास्त्र/अर्थशास्त्र/भूगोल) में से किसी एक विषय में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि एवं बी.एड. अनिवार्य। |
| 4 | | जीवविज्ञान | 20000/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि एवं बी.एड.(वनस्पति शास्त्र/प्राणी शास्त्र/लाइफ साइन्स/ जैविकी/अनुवांशिकी /सूक्ष्म जैविक/जैव प्रौद्योगिकी/आणविक जीव विज्ञान /पादप कायिक तथा स्नातक स्तर में प्राणीशास्त्र अथवा वनस्पिति शास्त्र) में एक विषय रहा हो। |
| 5 | | भौतिक | 20000/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (भौतिकी/इलेक्ट्रानिक्स/एप्लाईडभौतिकी/न्यूक्लियर भौतिकी) में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि एवं बी.एड. अनिवार्य। |
| 6 | | रसायन | 20000/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (रसायन/बायोकेमेस्ट्री) में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि एवं बी.एड. |
| 7 | | वाणिज्य | 20000/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि एवं बी एड,(एकाउन्टेन्सी सहित वाणिज्य/कास्ट एकाउंटिंग/फाइनेन्सियल एकाउन्टेन्सी मुख्य विषय के रूप में रहा हो।) |
| 8 | | राजनीति | 20000/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि एवं बी एड, (राजनीति विज्ञान/लोक प्रशासन/इतिहास/प्राचीन भारतीय इतिहास मुख्य विषय के रूप में रहा हो।) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | | भूगोल / अर्थशास्त्र | 20000 / – | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि एवं बी एड,(भूगोल / अर्थशास्त्र / एप्लाइड अर्थशास्त्र / बिजनेस अर्थशास्त्र मुख्य विषय के रूप में रहा हो।) |
| 10 | शिक्षक पद के अनुरूप अर्हताए | गणित | 18000 / – | शिक्षक गणित हेतु मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय संस्था से न्यूनतम 45% अंको के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। (गणित के साथ निम्नलिखित में कोई दो विषय भौतिक / रसायन / इलेक्ट्रॉनिक्स / कम्प्यूटर साइंस / सांख्यिकी / सैन्य विज्ञान / भू गर्भ विज्ञान स्नातक स्तर पर हो।) एवं डी.एड. / डी.एल.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण (T.E.T) पात्र हो। |
| | | विज्ञान | | शिक्षक विज्ञान हेतु मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय संस्था से न्यूनतम 45% अंको के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। (विज्ञान के साथ निम्नलिखित में कोई दो विषय रसायनशास्त्र / वनस्पति विज्ञान / प्राणी विज्ञान / सैन्य विज्ञान एवं भू गर्भ विज्ञान स्नातक स्तर पर हो।) एवं डी.एड. / डी.एल.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण (T.E.T) पात्र हो। |
| | | अंग्रेजी | | शिक्षक अंग्रेजी हेतु मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय संस्था से न्यूनतम 45% अंको के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शिक्षक (अंग्रेजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो।) एवं डी.एड. / डी.एल.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण (T.E.T) पात्र हो। सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से होना अनिवार्य है। |
| | | सामाजिक विज्ञान | | शिक्षक सामाजिक विज्ञान हेतु मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय संस्था से न्यूनतम 45% अंको के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। (इतिहास / भूगोल / अर्थशास्त्र अथवा राजनीतिविज्ञान स्नातक स्तर पर कम से कम एक विषय रहा हो।) उक्त विषय का अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने पर व्यवहारिक अर्थशास्त्र एवं व्यवसायिक अर्थशास्त्र के विषय पर विचार किया जावेगा। एवं डी.एड. / डी.एल.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण (T.E.T) पात्र हो। |
| | | हिन्दी | | शिक्षक हिन्दी हेतु मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय संस्था से न्यूनतम 45% अंको के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शिक्षक (हिन्दी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो।) एवं डी.एड. / डी.एल.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण (T.E.T) पात्र हो। सम्पूर्ण शिक्षा हिन्दी माध्यम से होना अनिवार्य है। |
| | | संस्कृत | | शिक्षक संस्कृत हेतु मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय संस्था से न्यूनतम 45% अंको के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शिक्षक (संस्कृत साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो।) एवं डी.एड. / डी.एल.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण (T.E.T) पात्र हो। सम्पूर्ण शिक्षा हिन्दी माध्यम से होना अनिवार्य है। |
| 11 | सहायक शिक्षक पद के अनुरूप अर्हताए | – | 15000 / – | मान्यता प्राप्त बोर्ड में न्यूनतम 45% अंको के साथ उच्चतर माध्यमिक प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी.एड. / डी.एल.एड. तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण हों। T.E.T पात्र हो। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12 | प्रयोगशाला सहा.शिक्षक विज्ञान पद के अनुरूप अर्हताए | — | 15000/— | मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से साथ हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य।विज्ञान विषय हेतु विज्ञान समूह से तथा कला हेतु कला समूह से हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण एवं द्विवर्षिय डी.एड/डी.एल.एड परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य। |
| 13 | भृत्य | — | 12000/— | मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से साथ आठवीं परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य। |
| 14 | स्वीपर | — | 10000/— | मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से साथ पांचवी परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य। |

**निम्नांकित तालिका के अनुसार प्रावीण्यता निर्धारित की जावेगी :–**

| क्र. | पदनाम | 10वी | 12वी | स्नातक | स्नातकोत्तर | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | व्याख्याता | - | 20% | 30% | 50% | 100% |
| 2 | शिक्षक | 20% | 30% | 50% | - | 100% |
| 3 | सहायक शिक्षक/ विज्ञान प्रयोगशाला | 40% | 60% | - | - | 100% |

**नियम एवं शर्तें निम्नानुसार होगी :–**

1. उपरोक्तानुसार शिक्षक आवश्यकता वाले शालाओं में संबंधित विकासखण्ड के निवासरत अभ्यर्थी ही पात्र होंगे। अन्य विकासखण्ड/जिले के अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र मान्य नहीं होगा। यदि व्याख्याता विषय हेतु संबंधित विकासखण्ड से पात्र अभ्यर्थी नहीं मिलने की स्थिति में रायपुर जिला अंतर्गत अन्य विकासखण्ड से अभ्यर्थी लिये जा सकेंगे।
2. अभ्यर्थी आवेदन संबंधित शाला के संस्था प्रमुख/प्राचार्य के कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर जमा करेंगे।
3. अभ्यर्थियों को निवास प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न किया जान अनिवार्य होगा।
4. पी.एम श्री एवं सेजेस शाला के प्राचार्य द्वारा 5 सदस्यों की समिति गठित की जावेगी, सम्पूर्ण प्रक्रिया गठित समिति द्वारा की जावेगी।
5. व्याख्याता/शिक्षक/सहायक शिक्षक एवं भृत्य,स्वीपर की नियुक्ति की प्रक्रिया गठित समिति द्वारा की जावेगी।
6. यह मात्र एक अस्थायी व्यवस्था है, अतः किसी प्रकार कोई नियुक्ति/पदस्थापना आदेश जारी नहीं किए जायेंगे अपितु पात्रता उपरांत शाला के प्राचार्य एवं गठित समिति के द्वारा औपचारिक निर्देश संबंधित को दिया जायेगा। शाला में कार्य करने के संबंध में शिक्षक संवर्ग एवं भृत्य,स्वीपर की किसी भी प्रकार का प्रमाण पत्र प्रदाय नही किया जावेगा।
7. व्याख्याता/शिक्षक एवं सहायक शिक्षक की व्यवस्था संबंधित विद्यालय में शिक्षक संवर्ग की व्यवस्था होते तक अथवा 30 अप्रैल 2026 तक रहेगी। यह व्यवस्था पूर्णतः अस्थायी होगी।
8. नियुक्त शिक्षक संवर्ग एवं भृत्य स्वीपर को गठित समिति द्वारा कार्य से पृथक करने का पूर्ण अधिकार होगा।

9. यह व्यवस्था पूर्णतः अस्थायी है, किसी प्रकार की नियमितिकरण संबंधी दावे मान्य नहीं किए जायेंगे।
10. आवेदनों की स्क्रूटनी/परीक्षण निर्धारित मापदण्डों के अनुसार संस्था प्रमुख एवं शाला गठित समिति के द्वारा की जावेगी।
11. अभ्यर्थी समस्त दस्तावेज़ स्वप्रमाणित कर जमा करेंगे।
12. किसी भी परिस्थिति में समान अंक होने पर अधिक उम्र के अभ्यर्थी को अवसर दिया जवेगा। (जन्मतिथि के आधार पर वरिष्ठ)
13. अभ्यार्थी की न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष एवं पुरूष हेतु अधिकतम आयु 40 वर्ष एवं महिला हेतु अधिकतम आयु 45 वर्ष होना आवश्यक है।
14. आयु की गणना 01.01.2025 के आधार पर की जावेगी।
15. निर्धारित किये गए मापदण्डों एवं सेवा शर्तों के अनुरूप सहमति पत्र आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
16. शासकीय अवकाश को छोड़कर किसी भी प्रकार के अवकाश की पात्रता नहीं होगी। अनुपस्थित दिवसों का मानदेय के कटौती अनुपातिक तौर पर की जावेगी।
17. मानदेय का भुगतान शाला के प्राचार्य एवं गठित समिति के द्वारा प्रमाणित उपस्थिति के आधार पर किया जावेगा।
18. समिति द्वारा प्रावीण्यता क्रम में 03 अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची के लिए रखा जायेगा। प्रतीक्षा सूची की वैधता 31 अप्रैल 2026 तक रहेगी।
19. शिक्षकीय संवर्ग की नियुक्ति केवल हिन्दी माध्यम शाला के लिए होगी।
20. अभ्यर्थी द्वारा शाला में उपस्थिति देने की अंतिम तिथि – 13 सितम्बर 2025 होगी। अंतिम तिथि तक शाला मे उपस्थित नहीं होने पर प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी को (प्राथमिकता क्रम में) 05 दिवस के भीतर संस्था में कार्य हेतु उपस्थिति हेतु निर्देशित किया जावेगा।
21. प्राचार्य एवं गठित समिति के द्वारा नियुक्त किये गए व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक, भृत्य, स्वीपर का प्रतिवेदन 20 सितम्बर 2025 तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

**कार्यालय रायपुर जिला खनिज संस्थान न्यास जिला पंचायत रायपुर द्वितीय तल द्वारा स्वीकृति निम्न शर्तो के अधीन पालन करें**

1. शासन द्वारा निर्धारित प्रकिया एवं मापदण्डों तथा न्यूनतम अर्हता संबंधी नियमों के अनुसार ही नियुक्ति की जावें। उपरोक्तानुसार पदों की स्वीकृति पूर्णतः अस्थायी है।
2. रिक्त पदो पर विशेषज्ञों/तकनीकि अमले को पूर्णकालिक सेवा की शर्तो पर नियुक्ति दी जावें अंशकालिक सेवा मान्य नही होगी।
3. स्वीकृत पदो के किसी रिक्त पद पर भर्ती प्रक्रिया के पश्चात प्रतिपूर्ति न होने अथवा भर्ती प्रक्रिया के पश्चात सेवाये लगातार न होने पर 1 माह मे अनुपस्थिति होने पर मानदेय के अन्तर की राशि जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर मे सूचना के साथ वापस कर दिया जावें।

4. नियुक्ति पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायपुर में प्रतिमाह उपस्थिति प्रतिवेदन भेजा जाना अनिवार्य होगा।
5. प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त राशि का अन्य किसी कार्यो मे उपयोग ना हो।
6. जितनी अवधि के लिए राशि मानदेय हेतु स्वीकृत किया गया उस राशि का उपयोग उसी अवधि हेतु की जावे। राशि शेष रहने की स्थिति में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायपुर को वापस किया जावें।
7. स्वीकृत कार्यावधि के पश्चात अवधि बढ़ाने हेतु पृथक से प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त की जाना अनिवार्य होगा। अन्यथा मानदेय भुगतान से संबंधित कोई भी दावा मान्य नही किया जावेगा।
8. प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र इस कार्यालय को भेजा जाना अनिवार्य होगा।
9. स्वीकृत राशि से अधिक का व्यय किसी भी स्थिति मे नही किया जावे अन्यथा इस हेतु संबंधित प्राचार्य स्वयं जिम्मेदार होंगे।
10. प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्य के विधिक मामलों की जवाबदेहिता संबंधित प्राचार्य होंगे।
11. कार्य में सूचना के अधिकार संबंधी निर्देशों का काड़ाई से पालन किया जावे तथा कार्य में पूर्ण पारदर्शिता बरती जावेगी।
12. कार्य स्थल रायपुर  जिला खनिज संस्थान न्यास निधि नाम पट्टिका/सूचना फलक लगाया जाना अनिवार्य होगा। (शिक्षक संवर्ग एवं भृत्य, स्वीपर की संख्या एवं राशि का उल्लेख किया जावे।
13. स्वीकृत कार्यो के भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के सबंध मे मासिक प्रतिवेदन प्रत्येक माह के 25 तारीख तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा।
14. उपरोक्त शर्तों का पालन किए जाने की सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित प्राचार्य की होगी।
15. नियुक्ति पश्चात शिक्षा अधिकारी रायपुर में कार्यालय मे प्रतिमाह कर्मचारियों का उपस्थित प्रतिवेदन भेजा जाना सुनिश्चत किया जावें।
16. कार्य में सूचना के अधिकार संबंधी निर्देशो का कड़ाई से पालन किया जावें तथा कार्य में पूर्ण पारदर्शिता बरती जावेंगी।

**03.चयन प्रक्रिया हेतु निर्धारित समय सारिणी :-**

1. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – 08 सितम्बर 2025 सायं 04:00 बजे तक
2. प्राप्त आवेदनों पर दावा आपत्ति हेतु प्रावधिक सूची का प्रकाशन तिथि – 09 सितम्बर 2025
3. दावा आपत्ति का निराकरण करने पश्चात अंतिम सूची का प्रकाशन तिथि – 11 सितम्बर 2025

[signature] 11/09/25

जिला शिक्षा अधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

# आवेदन पत्र

हाल ही में खीचा हुआ रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो स्वंय द्वारा सत्यापित कर चस्पा करें।

प्रति,

**प्राचार्य / संस्था प्रमुख,**

**शाला** ..........................................................................

**विकासखण्ड** ..........................................................................

**जिला–रायपुर (छ.ग.)**

1. आवेदक का नाम (अंग्रेजी / हिन्दी) : ..........................................................................
2. महिला / पुरूष : ..........................................................................
3. पिता / पति का नाम : ..........................................................................
4. जाति : ..........................................................................

   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रामाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)
5. आवेदित पद का नाम : ..........................................................................
6. आवेदित विषय का नाम : ..........................................................................
7. छ.ग. मूल निवासी प्रमाण पत्र : हॉ / नहीं (यदि हॉ तो संलग्न करें)
8. जन्म तिथि (अंको में) : ..........................................................................

   (शब्दों में) : ..........................................................................
9. दिनांक 01 जनवरी 2025 को आयु : वर्ष .............................. माह .............................. दिन ...............
10. पत्र व्यवहार का पता : ..........................................................................

(मोबाईल क्रमांक एवं ई–मेल आई.डी. सहित) : ..........................................................................

: ..........................................................................

: ..........................................................................

: ..........................................................................

: ..........................................................................

11. शैक्षणिक योग्यता :–

| क्रं. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | मध्यम | मंडल/बोर्ड/वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | विषय | प्राप्त प्रतिशत/ग्रेड़ | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10वीं | | | | | | |
| 2 | 12वीं | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | | |
| 5 | बी.एड./डी. एड. | | | | | | |
| 6 | सी.टी.ई.टी. /टी.ई.टी | | | | | | |
| 7 | अन्य योग्यता | | | | | | |

12. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची

1. .................................................................... 2. ....................................................................

3. .................................................................... 4. ....................................................................

5. ....................................................................6. ....................................................................

**टीप** :– जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास, जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता, प्रशिक्षण, तथा अन्य प्रमाण पत्रों की स्व–अभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें।

**आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर**

## घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी जानकारी मेरे विवेक अनुसार पूर्णतः सत्य एवं सही है। इनमें से कोई भी जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। इन परिस्थितियों में प्रबंधन समिति को बिना बताये मेरी व्यवस्था को निरस्त करने का अधिकार होगा एवं उनका निर्णय मुझे मान्य होगा

स्थान :–

दिनांक :–

**आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर**